प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 21.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि दिनाँक 20-04-2024 को वादी क्षेत्रान्तर्गत थाना भगतपुर नें अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी की गैस सिलेंन्डर वितरित करने की गाडी मे रखे बैग से 80030/- रूपये चोरी कर लेने के संबंध मे थाना भगतपुर पर तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0-117/2024 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधीयों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना भगतपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की गयी। साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे बिजेन्द्र कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम ढक्का नगलिया थाना टाण्डा जनपद रामपुर का नाम प्रकाश मे आया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे आज दिनाँक 21-04-2024 को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना भगतपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी बिजेन्द्र कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया एंव आरोपी के कब्जे से उक्त मुकदमे से संबंधित चोरी के 80030/-रूपये बरामद किये गये । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 411 भा0द0वि0 की वृद्धि की गयी ।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

2- दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारी:-

अवगत कराना है कि दिनाँक 15.04.2024 को वादी थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की बहन को दहेज की माँग कर प्रताड़ित करना व फांसी लगाकर हत्या कर देने के संबंध मे थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-218/2024 धारा 498ए/304बी भा0द0वि0 व ¾ दहेज प्रतिषेध अधिनियम बनाम जितेन्द्र आदि के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे आज दिनाँक 21-04-2024 को उ0नि0 प्रभात कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी जितेन्द्र पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम जमालपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।